# नौएडा एस ई जेड के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनाक 29.12.2023 को होने वाली बैठक की कार्यसूची

मद सं0 1. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्यवाही की समीक्षा

मद सं0 2. जुलाई से सितम्बर, 2023 तिमाही कार्यालय के कामकाज में राजभाषा के प्रयोग में प्रगति की समीक्षा|

मद सं03. प्रेरणा पत्रिका के पांचवे संस्करण में कार्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा कहानी, लेख, कविता के प्रति रूचि कम देखे जाने पर विकास आयुक्त महोदय के साथ चर्चा की जा सकती है|

मद सं0 4. विकास आयुक्त महोदय के साथ कंठस्थ का उपयोग करने के सम्बन्ध मे भी चर्चा की जा सकती है|

अत: सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कंप्यूटर पर कंठस्थ द्वारा अनुवाद करने का प्रयास किया जाये |

मद सं0 5. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय |

<u>मद संख्या 1और 2 पर कार्यवाही रिपोर्ट:</u>

कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनाक 22.09.2023 को आयोजित की गई थी| बैठक में अन्य बातो के साथ यह निर्णय लिया गया था की: सभी अधिकारीगण अपने अपने अनुभागो में हिंदी नोटिंग बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे| अपने अपने अनुभागो से धारा 3 (3) के अतंर्गत पत्रादि द्विभाषी जारी करेंगे |

पताका पर सलंग्न अप्रैल से जून तिमाही रिपोर्ट के आकड़े जो कोष्ठक में है और जुलाई से सितम्बर, 2023 अनुभागो से प्राप्त हिंदी तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा में देखा जा सकता है की फाइलो में हिंदी नोटिंग के कार्य में सुरक्षा अनुभाग, का कार्य पिछली तिमाही अप्रैल से जून को देखते हुए कमी आई है संपदा अनुभाग, मे कुछ खास प्रगति नहीं देखने को मिली है एस ई जेड अनुभाग, मे भी कुछ खास प्रगति नहीं देखने को मिली मुरादाबाद एस ई जेड पिछली तिमाही अप्रैल से जून को देखते हुए कमी आयी है | इसलिए चारो अनुभागो को हिंदी के काम काज में बढोतरी करने की जरुरत है |

कार्यालय के सदस्यगण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अपने अपने अनुभागों में हिंदी के प्रयोग में आ रही कठिनाई और प्रगति के लिए किये जाने वाले उपायों पर विचार रख सकते है |

और बाकि अनुभागों ने काफी अच्छा प्रयास किया है |